खेल जगत

विनेश एक योद्धा हैं, मैट पर और मैट से बाहर भी। विनेश के माध्यम से हम सीख रहे हैं कि हार के बावजूद भी अपने अंदर की लड़ाई को कभी नहीं हारना क्या मायने रखता है। विनेश फोगाट एक योद्धा की सच्ची भावना को मूर्त रूप देती हैं। - अभिनव बिन्द्रा

पूर्व ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता, विनेश फोगाट की प्रशंसा की।

आज का खिलाड़ी

सूर्यकुमार यादव

भारत के टी-20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने इस साल आगामी बुची बाबू बहु-दिवसीय टूर्नामेंट में मुंबई के लिए एक मैच खेलने की पुष्टि की है। सूर्यकुमार 27 से 30 अगस्त तक कोयंबटूर में तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन एकादश के खिलाफ मुंबई सीए एकादश के लिए खेले जाने वाले दूसरे मैच में खेलेंगे। टेस्ट विशेषज्ञ सरफराज खान को मुंबई की टीम का कप्तान बनाया गया है। सूर्यकुमार सभी प्रारूपों के क्रिकेट में खेलना चाहते हैं और भारतीय खिलाड़ी अभी ब्रेक पर होंगे क्योंकि उन्हें अगली दो टेस्ट मैच की श्रृंखला सितंबर में बांग्लादेश के खिलाफ खेलनी है।

क्या आप जानते हैं ?... टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता।

हॉकी में फिर से इतिहास दोहराया, भारत ने ओलिंपिक में लगातार दूसरा कांस्य जीता

स्पेन को 2-1 से हराकर भारतीय हॉकी टीम ने जीता चौथा कांस्य पदक

पेरिस, 8 अगस्त। हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने टोक्यो ओलिंपिक 2020 के प्रदर्शन को दोहराते हुए गुरुवार को स्पेन को 2-1 से हराकर इतिहास रचते हुए पेरिस ओलिंपिक में देश के लिए चौथा कांस्य पदक जीता। आज यहां यवेस-डु-मनोइर स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में पहला क्वार्टर में दोनों टीमों के आक्रामक प्रदर्शन के बावजूद गोल रहित रहा। हालांकि इस दौरान भारत ने नौ बार आक्रामक तरीके से स्पेन के सर्कल में प्रवेश किया गोल करने में सफल नहीं हुये।

इसके बाद स्पेन ने दूसरे क्वार्टर में फिर से आक्रामक शुरुआत करते हुए केवल तीन मिनट बाद मिले पेनल्टी स्ट्रोक का फायदा उठाते हुए मार्क मिरालेस ने गोलकीपर पीआर श्रीजेश को चकमा देते हुए 18वें मिनट में गोल दागकर अपनी टीम को बढ़ त दिलाई। दूसरे क्वार्टर में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने कर 1-1 से बराबरी कर ली। तीसरे क्वार्टर में हरमनप्रीत ने 33वें मिनट में गोल दाग कर भारतीय टीम को 2-1 से बढ़ त दिला दी। इसकी के साथ ही टूर्नामेंट में हरमनप्रीत के गोलों की संख्या दस हो गई।

भारतीय कप्तान को दो मिनट बाद गोल करने का एक और मौका मिला, लेकिन वह स्पेनिश गोलकीपर को चकमा देने में विफल रहे। चौथे क्वार्टर में दोनों टीमों ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया और कई पेनल्टी कार्नर के मौके बनाये लेकिन वे इसे गोल में तब्दील नहीं कर सकी। मैच के दौरान भारतीय टीम ने स्पेन पर अधिकतर समय दबाव बनाये रखा। पेरिस 2024 ठीष्मकालीन खेलों में यह भारत को चौथा कांस्य पदक है और पुरुष हॉकी में यह 13वां ओलिंपिक पदक है। म्यूनिख ओलिंपिक 1972 के बाद यह पहली बार जब भारत ने लगातार दो ओलिंपिक पदक जीते हैं।

ओलिंपिक में मिली इस पदक जीत के साथ ही भारतीय गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने संन्यास ले लिया। उल्लेखनीय है कि हरमनप्रीत सिंह एंड कंपनी ने टोक्यो ओलिंपिक 2020 खेलों में भी कांस्य पदक जीता था। भारतीय हॉकी टीम ने एम्स्टर्डम ओलिंपिक 1928 में स्वर्ण, लॉस एंजिल्स 1932 में स्वर्ण, बर्लिन 1936 में स्वर्ण, लंदन 1948 में स्वर्ण, हेलसिंकी 1952में स्वर्ण, मेलबर्न 1956 में स्वर्ण, रोम 1960 में रजत, टोक्यो 1964 में स्वर्ण, मेक्सिको सिटी 1968 में कांस्य, म्यूनिक 1972में कांस्य, मॉस्को 1980 में स्वर्ण, टोक्यो 2020 में कांस्य और पेरिस 2024 में कांस्य जीता है।

भारत की इस बेटी पर देश हमेशा गर्व करेगा

विनेश ने कुश्ती को कहा अलविदा

पेरिस, 8 अगस्त। भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट ने पेरिस ओलंपिक 2024 में फाइनल मुकाबले के लिये अयोग्य ठहराये जाने के बाद गुरुवार को कुश्ती को अलविदा कह दिया। वहीं अमेरीकी पहलवान सारा एन हिल्डेब्रांट ने कुश्ती का खिताब जीत लिया।

हिन्डेब्रांट ने फाइनल मुकाबले में युसनेलिस गुजमान को 50 किग्रा वर्ग में हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया। उल्लेखनीय है कि विनेश को फाइनल मैच के लिए अयोग्य घोषित किए जाने के बाद सेमीफाइनल मैच में विनेश से हारी युसनेलिस गुजमान लोपेज को फाइनल मुकाबले में जगह दी गयी थी। इससे पहले निराश विनेश ने सोशल मीडिया पर अपने संन्यास की घोषणा कर दी। उन्होंने कहा वह अब हमेशा के लिए कुश्ती छोड़ रही हैं।

उन्होंने अपनी मां प्रेमलता को संबोधित करते हुए लिखा, माँ, कुश्ती मुझसे जीत गई, मैं हार गई। आपके सपने और मेरी हिम्मत टूट गई है। मुझमें अब और आगे बढ़ने की ताकत नहीं है। अलविदा कुश्ती 2001-2024, मैं हमेशा आप सभी की ऋणी रहूँगी। माफी। गौरतलब है कि बुधवार को 50 किग्रा कुश्ती वर्ग के फाइनल मुकाबले के लिये विनेश फोगाट को यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग द्वारा अयोग्य घोषित किया गया था। विनेश पेरिस 2024 में मंगलवार को जापान की मौजूदा ओलंपिक चैंपियन यूई सुसाकी, यूक्रेन की पूर्व यूरोपीय चैंपियन ओक्साना लिवाच और क्यूबा की मौजूदा पैन अमेरिकन गेम्स चैंपियन युसनेलिस गुजमान को हराकर महिलाओं के 50 किग्रा भार वर्ग के फाइनल में पहुंचीं थीं। हालांकि, ओलंपिक में कुश्ती के फाइनल मैच में प्रतिस्पर्धा करने वाली पहली भारतीय महिला बनने के लिए तैयार विनेश का सपना टूट गया। अपने वजन को कम करने के लिए किए गए अथक प्रयासों के बावजूद विनेश का वजन उनके भार वर्ग 50 किग्रा से थोड़ा अधिक पाया गया और उन्हें कुश्ती फाइनल मुकाबले के लिए अयोग्य करार कर दिया गया।

विनेश ने सीएएस से संयुक्त रजत पदक देने का किया अनुरोध

पेरिस, 8 अगस्त। भारतीय पहलवान विनेश फोगट ने कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट्स में 50 किग्रा वर्ग के ओलंपिक फाइनल से खुद को अयोग्य ठहराए जाने पर उन्हें संयुक्त रजत पदक दिये जाने का अनुरोध किया है। विनेश फोगाट ने मामले पर तत्काल सुनवाई की मांग करते हुए दो ओलंपिक रजत पदक दिए जाने का अनुरोध किया है। एक उन्हें और एक हारने वाले फाइनलिस्ट को। विनेश के अनुरोध पर आज को फैसला आने की उम्मीद है। उल्लेखनीय है कि विनेश फोगाट को पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की 50 किग्रा कुश्ती के फाइनल से 100 ग्राम अधिक वजन होने के कारण अयोग्य घोषित किया गया था।

अंतिम पंघाल और उनकी टीम को पेरिस छोड़ने का आदेश

पेरिस, 8 अगस्त। भारतीय पहलवान अंतिम पंघाल और उनके सहयोगी स्टाफ को अनुशासनात्मक उल्लंघन के लिए पेरिस छोड़ने का आदेश दिया गया हैं। अंतिम पर

अपना आधिकारिक मान्यता कार्ड अपनी छोटी बहन को देने का आरोप है, जिन्हें सुरक्षाकर्मियों ने खेल गांव से बाहर निकलते हुए पकड़ा था। जिसके बाद सुरक्षाकर्मियों ने कार्रवाई करते हुए उनकी पेरिस ओलंपिक गांव की मान्यता को रद्द कर दिया गया है। इसके बाद अंतिम की बहन को बयान दर्ज कराने के लिए स्थानीय पुलिस थाने ले जाया गया। भारतीय ओलंपिक संघ के एक बयान में कहा गया है कि फ्रांसीसी अधिकारियों द्वारा उनके संज्ञान में लाया गया यह अनुशासनात्मक उल्लंघन का मामला है। जिसके बाद पहलवान अंतिम और उनके सहयोगी स्टाफ को वापस भेजने का फैसला किया है।

श्रीजेश आपकी सदा ही जय हो...

दुनिया के बेस्ट गोलकीपर श्रीजेश ने ओलिंपिक जीत के बाद संन्यास लिया

पेरिस, 8 अगस्त। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के गोलकीपर पी आर श्रीजेश गुरुवार को स्पेन पर मिली 2-1 की जीत के बाद संन्यास ले लिया है। भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने पेरिस ओलिंपिक में आज स्पेन को 2-1 से हराकर कांस्य पदक जीता है। यह लगातार दूसरी बार भारतीय हॉकी टीम ने ओलिंपिक में कांस्य पदक जीता है। इससे पहले टोक्यो ओलिंपिक 2020 में भी भारतीय हॉकी टीम ने कांस्य पदक जीता था।

पुरुष हॉकी में उनका 13वां ओलिंपिक पदक है। म्यूनिख 1972 के बाद यह पहली बार है जब भारत ने लगातार दो ओलिंपिकों में पदक जीते हैं। मैदान पर उतरने से पहले आखिरी बार श्रीजेश ने प्रशंसकों के लिए सोशल मीडिया पोस्ट पर एक नोट में लिखा, जैसे ही मैं अंतिम बार गोलपोस्ट के बीच खड़ा हुआ, मेरा दिल कृतज्ञता और गर्व से भर गया। एक सपना देखने वाले एक युवा लड़के से भारत के सम्मान की रक्षा करने वाले व्यक्ति तक की यह यात्रा असाधारण रही है। आज मैं भारत के लिए अपना आखिरी मैच खेलूंगा। हर बचाव, हर छलांग, भीड़ का शोर हमेशा मेरी आत्मा में गूंजती रहेगी। भारत, मुझ पर विश्वास करने के लिए, मेरे साथ खड़े रहने के लिए धन्यवाद। यह अंत नहीं है, बल्कि यादगार पलों की शुरुआत है।

सदैव सपनों का एक गोलकीपर। जय हिन्द।

ज्योति बाधा दौड़ के सेमीफाइनल में पहुंचने में असफल रही

पेरिस, 8 अगस्त। भारतीय धाविका विजेता ज्योति याराजी ने गुरुवार को स्टेड डी फ्रांस में महिलाओं की 100 मीटर हर्डल रेस रेपेचेज राउंड में 13.17 सेकेंड का समय लेकर हीट 1 में चौथा स्थान पर रही। चौथे स्थान पर रहने के कारण वह पेरिस ओलंपिक में प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाने में असफल रही। प्रत्येक हीट से केवल शीर्ष दो एथलीट ही राउंड में जाते है। याराजी ओलंपिक में 100 मीटर बाधा दौड़ में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली पहली महिला एथलीट थीं। उन्होंने राउंड-1 में 13.16 सेकेंड का समय के साथ आज की रेपेचेज स्पर्धा में जगह बनाई थी।

गोल्फ में दीक्षा 7 स्थान नीचे खिसक गई, अदिति टी-14 पर रही

पेरिस, 8 अगस्त। भारतीय गोल्फर अदिति अशोक और दीक्षा डागर गुरुवार को पेरिस ओलंपिक में महिला गोल्फ टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंच गईं। अदिति ने दूसरे राउंड में 1-अंडर 71 का स्कोर दर्ज किया, जो उनके पहले राउंड के इवेन पार स्कोर से बेहतर है। हालांकि, दीक्षा डागर का स्कोर दूसरे दिन भी बराबर रहा और वह स्टैंडिंग में सात स्थान नीचे खिसक गईं। ले गोल्फ नेशनल में 18-होल कोर्स के लिए पार 72 तय किया गया है। महिला गोल्फ स्पर्धा में भारतीय जोड़ी दूसरे दौर के बाद 143 के कुल स्कोर के साथ 14वें स्थान पर है। लेडीज यूरोपियन टूर की दो बार की विजेता स्विट्जरलैंड की मॉर्गन मेट्रोक्स 8-अंडर 136 के स्कोर के साथ शीर्ष पर हैं। चीन की यिन रुओनिंग और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता न्यूजीलैंड की को लिडिया ने शीर्ष तीन में शामिल हैं। महिला गोल्फ टूर्नामेंट का तीसरा राउंड शुक्रवार को शुरु 1230 बजे शुरु होगा।

कार्यालय नगर पालिका मण्डल, फुलेरा जिला जयपुर

क्रमांक-न.पा.फु./2024-25/886 **विज्ञप्ति सूचना** दिनांक- 08.08.2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्तियों ने निर्माण ईजाजत/आज्ञा हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है।

क्र.सं.	प्रार्थी का नाम	स्थान	उपयोगार्थ	क्षेत्रफल
1	श्रीमति सीता शर्मा पत्नि श्री महेश कुमार शर्मा	प्लाट नं. एन-4, सिविल लाईन्स फुलेरा	निर्माण आज्ञा	152.77 वर्गगज

किसी भी व्यक्ति को निम्नांकित ईजाजत बाबत आपत्ति हो तो आपत्ति आमंत्रण सूचना जारी होने की तिथि से 7 दिवस के अन्दर मयाद विधिमान्य दस्तावेजों सहित लिखित में आपत्ति कार्य दिवस के दौरान कार्यालय समय में अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कराये बाद मयाद गुजरने आपत्ति मान्य नहीं होगी।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका मण्डल, फुलेरा

कार्यालय नगर निगम जयपुर, हैरिटेज जयपुर
(जलेबी चौक, पुराना पुलिस मुख्यालय भवन, जयपुर)

क्रमांक :- एफ-28 ( )अधि.अभि.प्रो./ननिज है/2024-25/00291/257 दिनांक :- 07/08/2024

ई-निविदा सूचना संख्या 24, 25 एवं 26/2024-25

केन्द्र एवं राज्य सरकार के सभी विभागों में पंजीकृत संवेदको एवं नगर निगम जयपुर हैरिटेज से संबंधित कार्यो की ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्यो की अनुमानित लागत, टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की दिनांक, टेण्डर शर्त आदि सम्पूर्ण विवरण नगर निगम जयपुर, हैरिटेज की बेवसाईट **http://sppp.rajasthan.gov.in, www.jaipurmcheritage.org** एवं **http://eproc.rajasthan.gov.in** पर UBN No. JMC2425WSOB00429, JMC2425WSOB00431, JMC2425WSOB00432 पर देखी व डाउनलोड की जा सकती है।

राज.संवाद/सी/24/3499

अधिशाषी अभियन्ता (प्रो0)
नगर निगम जयपुर हैरिटेज

OFFICE THE GRAM PANCHAYAT DIVRALA PS-AJITGARH (NEEM KA THANA)

No. Eproc/2024-25/170 Date: 08.08.2024



E-Tender Notice No. 01/2024-25

Bids for open tender of procurement of Construction Material for Work in MGNREGA And Other Scheme in Gram Panchayat DIVRALA Panchayat Samiti Ajitgarh (Neem Ka Thana) are invited from Firms/Suppliers Registered Under the GST act 2017, 6.00 PM of 19.08.2024. Other particulars of the bid may be visited on the procurement Portal http://sppp.raj.nic.in and http://eproc.rajasthan.gov.in) of the state and at Gram Panchayat DIVRALA Office in all working days.

UBN : PAJ2425GLRC00029

SARPANCH, GRAM PANCHAYAT DIVRALA, PANCHAYAT SAMITI AJITGARH

VILLAGE DEVELOPMENT OFFICER, GRAM PANCHAYAT DIVRALA, PANCHAYAT SAMITI AJITGARH

पदक से चूकी मीराबाई, चौथे स्थान पर रही

मीराबाई ने पेरिस में अपना जन्मदिन मनाया

नई दिल्ली, 8 अगस्त। तोक्यो ओलिंपिक में रजत पदक जीतने वाली भारोत्तोलक मीराबाई चानू बुधवार को यहां पेरिस ओलंपिक के 49 किलोग्राम वर्ग में चौथे स्थान पर रहते हुए पदक से चूक गईं। मीराबाई ने स्नैच में 88 और क्लीन एवं जर्क में 111 से कुल 199 किग्रा का वजन उठाया। इससे वह महज एक किलोग्राम से पदक से चूक गईं। स्वर्ण पदक की प्रबल दावेदार चीन की मौजूदा ओलंपिक चैंपियन होउ झिहुई ने क्लीन एवं जर्क में ओलंपिक रिकॉर्ड के साथ पहला स्थान हासिल किया। उन्होंने कुल 206 (स्नैच 89, क्लीन एवं जर्क 117) किग्रा वजन उठाया। रोमानिया की वालेंटिना कैम्बेई 206 (93 और 112) किग्रा से रजत और थाईलैंड की सुरोदचना खाम्बो 200 (88 और 112)किग्रा के वजन से कांस्य पदक जीतने में सफल रहीं। कूल्हे की चोट से उबरने के बाद वापसी कर रहीं मीराबाई ने स्नैच में पहले प्रयास में आसानी से 85 किग्रा वजन उठाया और दूसरे प्रयास में 88 किग्रा उठाने में विफल रहीं। पर तीसरे प्रयास में उन्होंने 88 किग्रा का वजन उठाकर बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के स्नैच के प्रदर्शन की बराबरी की।

पदक विजेता हॉकी खिलाड़ियों को 1-1 करोड़ रुपये देगी पंजाब सरकार

पंजाब, 8 अगस्त। भारतीय टीम ने हॉकी में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर भारत की झोली में चौथा मेडल डाला है। देश खुशी से गदगद है। इस बीच पंजाब के सीएम भगवंत मान ने ऐलान किया है कि ब्रॉन्ज जीतने वाले पंजाब के हॉकी खिलाड़ियों को एक-एक करोड़ रुपये देंगे। हमारी खेल पॉलिसी के हिसाब से ये रकम उन्हें दी जाएगी। सीएम के मुताबिक टीम में कप्तान, उपकप्तान सहित 10 खिलाड़ी पंजाब के थे। सीएम भगवंत मान ने एक्स पर लिखा कि, हमारी खेल नीति के मुताबिक हम पंजाब के हर ब्रॉन्ज मेडल विजेता खिलाड़ी को 1 करोड़ रुपये देंगे.. चक दे इंडिया.. ईनाम। उन्होंने एक दूसरे पोस्ट में लिखा कि भारतीय हॉकी टीम ने पेरिस ओलंपिक में स्पेन को 2-1 से हराकर कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया।

अमन सहरावत सेमीफाइनल में री हिगुची से हारे

पेरिस, 8 अगस्त। भारतीय पहलवान अमन सहरावत को पेरिस ओलंपिक कुश्ती प्रतियोगिता में गुरुवार को पुरुषों के 57 किग्रा फ्रीस्टाइल सेमीफाइनल में जापान के री हिगुची से हार का सामना करना पड़ा। अब रेपेचेज प्रतियोगिता में अमन कांस्य पदक के लिए मुकाबला करेंगे। आज यहां खेले गये मुकाबले में जापानी पहलवान री हिगुची ने अमन को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर 10-0 से हराया। अमन को जापानी पहलवान ने हाथों सिर्फ 1 मिनट 14 सेकंड में पराजित कर दिया। इससे पहले क्वार्टरफाइनल मुकाबले में अमन ने अल्बानिया के जेलिमखान अबकारोव को 12-0 से हराकर सेमीफाइनल में पहुंच थे। एशियाई चैंपियनशिप विजेता अमन ने बाउट के दूसरे दौर में पहले अल्बानियाई विश्व चैंपियन अबकारोव को पछाड़ दिया। घड़ी में 2:04 समय शेष रहते हुए उन्होंने नौ अंक बनाए।

सबसे पहले, अमन ने राउंड ऑफ 16 में पूर्व यूरोपीय चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता नॉर्थ मैसेडोनिया के व्लादिमीर एगोरोव के खिलाफ 10-0 से जीत हासिल की थी। अमन ने दूसरे पीरियड में दो मिनट पहले ही तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर अपना पहला मुकाबला जीतकर क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई थी।

आरसीए की पूर्व कार्यकारिणी पर एफआईआर दर्ज

दुनिया के तीसरे सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम में करोड़ों का घोटाला

वनडे मैचों में घोटाला, कैटरिंग का काम करने वाली फर्म को बिल्डिंग बनाने का काम दिया

जयपुर, 8 अगस्त। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (आरसीए) की एडहॉक कमेटी ने गुरुवार को एसोसिएशन की पूर्व कार्यकारिणी पर एफआईआर दर्ज करवाई है। एडहॉक कमेटी के संयोजक जयदीप बिहाणी ने बताया कि आरसीए की पूर्व कार्यकारिणी ने जमकर भ्रष्टाचार किया और जब एडहॉक कमेटी ने पूरे मामले की जांच की, तो करोड़ों रुपए की वित्तीय अनियमिताएं पाई गई। इसके बाद एसोसिएशन की पूर्व कार्यकारिणी पर ज्योति नगर थाने में पूर्व सचिव, पूर्व कोषाध्यक्ष और पूर्व संयुक्त सचिव के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई गई है। जयदीप बिहाणी ने कहा कि राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की पिछली कार्यकारिणी ने एसएमएस स्टेडियम के रिनोवेशन, राजस्थान प्रीमियर लीग के आयोजन और चौंप में बन रहे वर्ल्ड क्लास क्रिकेट स्टेडियम मे जमकर भ्रष्टाचार किया. जयदीप बिहाणी ने यह भी कहा कि कमेटी ने पूरे मामले की जांच एक निष्पक्ष एजेंसी के द्वारा करवाई और इसकी एक 363 पन्नों की ऑडिट रिपोर्ट तैयार की गई।

इस ऑडिट रिपोर्ट में काफी कुछ अनियमितताएं सामने आई हैं। इसमें स्टेडियम के निर्माण से लेकर आईपीएल मैच के दौरान टेंडर जैसे घोटाले भी शामिल हैं. जो पूरी तरह नियमों के विपरीत और गलत तरीके से जारी हुए थे। इसे लेकर राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के पूर्व सचिव भवानी सामोता, कोषाध्यक्ष रामपाल शर्मा और संयुक्त सचिव राजेश भड़ाना के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। एडहॉक कमेटी का यह भी कहना है कि जयपुर में बन रहे विश्व के तीसरे सबसे बड़े स्टेडियम के निर्माण को लेकर काफी भ्रष्टाचार किया गया। जयदीप बिहाणी ने बताया कि हाल ही में एडहॉक कमेटी का कार्यकाल बढ़ा दिया गया है। कमेटी के पास अब ज्यादा समय नहीं बचा है। हमारी कोशिश है कि जल्द से जल्द चुनाव की रूपरेखा तैयार की जाए ताकि राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी गठित हो सके। चुनाव को लेकर हमने तैयारी शुरू कर दी है और जल्द ही चुनाव की तारीख तय की जाएगी। इससे पहले क्रिकेट से जुड़ी सभी गतिविधियों को समानांतर चलाया जाएगा ताकि खिलाड़ियों को किसी तरह का नुकसान नहीं हो।

अंशु मलिक कुश्ती के प्री-क्वार्टर में हारी

पेरिस, 8 अगस्त। भारतीय पहलवान अंशू मलिक पेरिस ओलंपिक में महिलाओं के 57 किग्रा फ्रीस्टाइल राउंड ऑफ 16 कुश्ती मुकाबले में अमेरिका की हेलेन लुईस मारौलिस से 2-7 से हार गईं। भारतीय पहलवान तीन साल पहले विश्व चैंपियनशिप फाइनल में भी मारौलिस से हार गईं थीं। उन्हें टोक्यो ओलंपिक 2020 में भी शुरुआती दौर में हार का सामना करना पड़ा था। 53 किग्रा में रियो 2016 चैंपियन मारौलिस का क्वार्टरफाइनल में पोलैंड की एन्हेलिना लिसाक से मुकाबला हो सकता है, उसके बाद सेमीफाइनल में जापान की शीर्ष वरीयता प्राप्त त्सुगुमी सकुराई से मुकाबला हो सकता है। अंशू को रेपेचेज राउंड में जगह बनाने के लिए मारौलिस को इन दोनों से हराना होगा।

पावरग्रिड POWERGRID

सूचना

1. ऊपरलिखित याचिकाकर्ता ने केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग, नई दिल्ली के समक्ष 2019–24 के टैरिफ ब्लॉक के लिए पारेषण शुल्क के निर्धारण सह सही करने और याचिका–1: संपत्ति–1: 1 संख्या 400 केवी खण्ड के लिए एनटीपीसी लिमिटेड के भादला–II सबस्टेशन में "भादला–II पीएस और फतेहगढ़–II पीएस में आरई जनरेटर के लिए 400 केवी खण्ड के कार्यान्वयन" के तहत 2024–29 के टैरिफ ब्लॉक के लिए पारेषण शुल्क के निर्धारण के लिए याचिका दायर की है।

2. उपर्युक्त ट्रांसमिशन प्रणाली के लाभार्थी हैं: (ए) अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (बी) जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (सी) जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (डी) पंजाब राज्य विद्युत निगम लिमिटेड (ई) हरियाणा पावर परचेज सेंटर (एफ) जम्मू और कश्मीर पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (जी) उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एच) बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड (आई) बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड (जे) टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (के) चंडीगढ़ बिजली विभाग (एल) उत्तराखण्ड पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एम) उत्तर मध्य रेलवे (एन) नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (ओ) हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड (पी) सेंट्रल ट्रांसमिशन यूटिलिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (क्यू) एनटीपीसी लिमिटेड

विवरण	याचिका–1
परियोजना की अनुमोदित पूंजीगत लागत (रुपए लाख में)	351.00 (एफआर)
प्राधिकरण जिसने पूंजीगत लागत को मंजूरी दी है	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
वाणिज्यिक संचालन की निर्धारित तारीख	31.10.2022
वाणिज्यिक परिचालन की वास्तविक तिथि	संपत्ति–1: 27.07.2022
वाणिज्यिक परिचालन की तिथि पर पूंजीगत लागत (रुपए लाख में)	संपत्ति–1: 100.16

3. 2019–24 ब्लॉक और 2024–29 ब्लॉक के लिए टैरिफ के विवरण: (रु. लाख में)

संपत्ति	2019–20	2020–21	2021–22	2022–23	2023–24
संपत्ति–1	0.00	0.00	0.00	42.46	75.27
संपत्ति	2024–25	2025–26	2026–27	2027–28	2028–29
संपत्ति–1	69.40	71.70	73.00	73.84	74.58

4. टैरिफ निर्धारण के लिए किए गए आवेदन की प्रति आवेदक की वेबसाइट www.powergrid.in पर पोस्ट की गई है।

5. याचिका में निहित टैरिफ निर्धारण के प्रस्तावों पर सुझाव और आपत्तियां, यदि कोई हों, लाभार्थी सहित किसी भी व्यक्ति द्वारा आयोग के ई–फाइलिंग पोर्टल के माध्यम से दायर की जा सकती हैं, जिसकी एक प्रति इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर भी भेजी जाएगी।

स्थान: गुरूग्राम
दिनांक: 02.08.2024

श्री वी.सी. शेखर
वरिष्ठ महाप्रबंधक (वाणिज्यिक)

पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
पंजीकृत कार्यालय: बी–9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली–110 016
कॉर्पोरेट कार्यालय: सौदामिनी, प्लॉट नंबर 2, सेक्टर–29, गुरूग्राम, हरियाणा–122 001
वेबसाईट: www.powergrid.in सीआईएन: L40101DL1989GOI038121
एक महारत्न पीएसयू

PG/CC/Notice-45/Advt-61/2024-25/INVICTA